3 korba-pg1_Layout 1 4/3/2025 11:36 PM Page 1

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 4 अप्रैल 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
देवलापाठ के जंगल में अवैध शराब की चल रही थी फैक्ट्री, 860 लीटर महुआ शराब जप्त



## खबर संक्षेप

### कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा 20 को

**कोरबा।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए संचालित प्रयास बालक/बालिका आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 अंतर्गत कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु 20 अप्रैल को प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन किया गया है। अभ्यर्थी परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र विभाग की वेबसाइट पर जाकर अपने आवेदन क्रमांक एवं मोबाइल नंबर की सहायता से प्रवेश पत्र 20 अप्रैल तक डाउनलोड कर सकते हैं। साथ ही फॉर्म निरस्त हुए विद्यार्थी भी अपने आवेदन क्रमांक एवं मोबाइल नंबर की सहायता से आवेदन निरस्त होने के कारण जान सकते है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने इस सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थियों को परीक्षा तिथि 20 अप्रैल को प्रातः 9 बजे तक केंद्र में उपस्थित होना अनिवार्य है। 9.30 से प्रातः 10 बजे तक कक्ष परीविक्षक इनवीजीलेटर द्वारा ओएमआर सीट भराया जाना है। परीक्षा का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित है। परीक्षा में शामिल होने वाले कुल परीक्षार्थियों की संख्या 1557 है। इस हेतु जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर कुल 3 परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिसमें विकासखंड कटघोरा के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला केन्द्र कोड 2811 में रोल नंबर 2811001 से 2811600 तक कुल 600 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन समिति गठित

**कोरबा।** मुख्यमंत्री तीर्थ योजनांतर्गत विभिन्न तीर्थ स्थानों की यात्रा हेतु जिले के यात्रियों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर अजीत वसंत ने जिला स्तर पर मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन समिति का गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष जिले के प्रभारी मंत्री, उपाध्यक्ष कलेक्टर कोरबा, सदस्य पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीइओ, जिला सत्कार अधिकारी, सीएमएचओ तथा सदस्य सचिव उप संचालक समाज कल्याण शामिल है

### एकलव्य विद्यालय कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा परिणाम जारी

**कोरबा।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 2 मार्च को प्रातः 10 से 12 बजे तक प्रवेश चयन परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसका परिणाम विभागीय वेबसाइट पर अवलोकन किया जा सकता है। जारी परीक्षा परिणाम के सम्बंध में विद्यार्थी अपना नाम, रोल नंबर में कोई त्रुटि होने पर 11 अप्रैल तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। परीक्षार्थियों को अपने आवेदन में पूर्ण विवरण व मोबाईल नंबर देते हुए प्रमाण स्वरूप प्रवेश पत्र संलग्न कर ई मेल आईडी पर मेल करना होगा।

### पुरस्कार हेतु नामांकन 31 जुलाई तक

**कोरबा।** जिला प्रशासन द्वारा सभी कार्यालय प्रमुखों से पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्मश्री पुरस्कार 2026 हेतु 31 जुलाई तक नामांकन प्रस्ताव ऑनलाइन आमंत्रित किया गया है। पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्म श्री पुरस्कार के लिये भारत सरकार के गाइडलाइन अनुसार निर्धारित पात्रता एवं मापदण्ड के अनुरूप होने चाहिये।

### एटक की साधारण सभा सम्मेलन आयोजित

**कोरबा।** एल्युमिनियम एम्पलाइज यूनियन (एटक ) की वार्षिक साधारण सभा व सम्मेलन का आयोजन बालकोनगर कार्यालय में संपन्न हुआ। इसका उद्घाटन एटक नेता एसके सिंह ने किया। कार्यक्रम के लिए अध्यक्ष मंडली के नाम की घोषणा की गई। एटक के महासचिव हरिनाथ सिंह, राज्य सचिव एमएल रजक, कोषाध्यक्ष एसके सिंह एल्युमिनियम एम्पलाइज यूनियन के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र को अध्यक्ष मंडली में शामिल किया गया।

# उपनगरीय क्षेत्र में 3 नई प्रीमियम शराब दुकान खोलने की चल रही कवायद

## आबकारी विभाग ने प्रस्ताव बनाकर भेजा, मंजूरी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले में 37 देसी विदेशी शराब दुकान है। इस दुकान के अलावा उपनगरीय क्षेत्र में मदिरा प्रेमियों को बेहतर शराब उपलब्ध हो सके इसके लिए आबकारी विभाग ने उपनगरीय क्षेत्र में नई प्रीमियम शॉप खोलने की तैयारी कर रही है। इसके लिए आबकारी विभाग ने एक प्रस्ताव तैयार किया है जिसे शासन के पास भेजा जाएगा। यदि इसकी स्वीकृति मिलती है तो इस वित्तीय वर्ष में उपनगरीय क्षेत्र में तीन नई प्रीमियम शॉप खुल जाएगी।

उल्लेखनीय है कि जिले में शराब दुकानों का संचालन आबकारी विभाग द्वारा किया जाता है जिसमें कुल 37 देसी विदेशी शराब दुकान हैं। शहर के टीपी नगर मुख्य मार्ग में एक प्रीमियम शॉप संचालित है। जहां हाई रेंज के शराब की बिक्री प्रीमियम शॉप में की जाती है जो बाकी दुकानों की अपेक्षा इस प्रीमियम शॉप में बिक्री ज्यादा होती है और ग्राहकों को उनके पसंद के अनुरूप शराब आसानी से मुहैय्या हो जाती है। मदिरा प्रेमियों को शराब खरीदने के लिए लंबी कतार में ना खड़ा होना पड़े इसके लिए जिला आबकारी विभाग द्वारा जिले के उपनगरीय क्षेत्र में तीन नई प्रीमियम शराब दुकान खोलने की दिशा पर प्रयास किया जा रहा है। बताया जाता है की दर्री, एनटीपीसी, दीपका और बालको तीनों उपनगरीय क्षेत्र में एक-एक प्रीमियम शॉप दुकान खोलने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए आबकारीविभाग के अफसर ने एक प्रस्ताव तैयार किया है जिसे शासन के पास भेजा जाएगा। ⏭ शेष पेज 2 पर



### नवरात्रि की वजह से बिक्री हो गई कम

आम दिनों में जिले में एक करोड़ से अधिक विदेशी शराब की बिक्री होती है इन दिनों पूरे देश भर में नवरात्रि की धूम मची हुई है और चारों तरफ भक्ति की बयार बह रही है। इस दौरान शराब दुकानों में आम दिनों की अपेक्षा भीड़ कम उमड़ रही है। बताया जाता है कि मौजूदा स्थिति में 80 से 85 लाख रुपए की शराब की बिक्री हो रही है बाकी आम दिनों में एक करोड़ से अधिक की बिक्री होती है। बताया जाता है कि नवरात्रि के पहले दिन ही 1 करोड़ 19 लाख रुपए की शराब की बिक्री जिले में हुई थी लेकिन उसके बाद लगातार शराब की बिक्री में गिरावट दर्ज की जा रही है। अब सीधे नवरात्रि समाप्ति के बाद ही शराब दुकानों की बिक्री में तेजी आएगी। बताया जाता है कि बीते वित्तीय वर्ष में आबकारी विभाग अपने राजस्व लक्ष्य से लगभग 10 फीसदी पीछे रहा था विभाग को दिए गए राजस्व लक्ष्य को पूरा करने में कामयाबी नहीं मिल पाई।

## वाणिज्यिक कोयला नीलामी से देश के सात राज्यों को मिले 4149 करोड़ रुपए

# कोयला खदानों की नीलामी से राज्य को सर्वाधिक 1722 करोड़ का मिला राजस्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिछले पांच वर्षों में वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी से राज्य को सर्वाधिक 1722.85 करोड़ के राजस्व की प्राप्ति हुई है। वाणिज्यिक कोयला नीलामी से वर्ष 2020 से अब तक कुल 4149 करोड़ रूपये की राशि मिली है। जिसके तहत कुल 109 कोयला खदानें आबंटित की गई है।

वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी के माध्यम से जिन खदानों की नीलामी की गई वर्तमान में उनमें से 15 खदानें चालू हैं। इसके अतिरिक्त, इसी अवधि के दौरान 392 गैर-कोयला प्रमुख खनिज ब्लॉकों की नीलामी की गई है, जिनमें से 32 चालू हैं। कोयला मंत्रालय द्वारा राजस्थान में वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी के माध्यम से कोई कोयला लिग्नाइट खदान आवंटित नहीं की गई है। वर्ष 2020 में वाणिज्यिक कोयला खनन के शुभारंभ से जनवरी 2025 तक कोयला लिग्नाइट वाले क्षेत्रों की राज्य सरकारों को अग्रिम राशि और मासिक भुगतान (रॉयल्टी, उपकर, डीएमएफ, एनएमईटी आदि को छोड़कर) के रूप में लगभग 4149.76 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। वाणिज्यिक खनन से अग्रिम राशि और मासिक भुगतान (रॉयल्टी, उपकर, डीएमएफ, एनएमईटी आदि को छोड़कर) के रूप में राज्यवार प्राप्त राजस्व पर गौर करें तो सबसे अधिक छत्तीसगढ़ राज्य को 1722.85 करोड़, झारखंड 579.07 करोड़, महाराष्ट्र 143.07 करोड़, मध्य प्रदेश 549.21 करोड़, ओडिशा 1061.78 करोड़, पश्चिम बंगाल 93.60 करोड़, असम 0.18, कुल योग 4149. 76 करोड़ है।




फाइल फोटो

### निगरानी समिति का किया गया गठन

कोयला मंत्रालय कई प्रमुख उपायों के माध्यम से पर्यावरण मंजूरी और भूमि अधिग्रहण सहित कोयला खदानों के संचालन में होने वाली देरी को सक्रिय रूप से दूर कर रहा है। नियमित समीक्षा करने और ब्लॉकों के विकास में तेजी लाने के लिए संबंधित मेजबान राज्यों के मुख्य सचिवों, सचिव (एमओईएफ और सीसी), कोयला नियंत्रक संगठन (सीसीओ) और सीएमपीडीआई को समिति के सदस्यों के रूप में सचिव (कोयला) की अध्यक्षता में निगरानी समिति का गठन किया गया है।

# आवारा कुत्तों की होगी नसबंदी, टेंडर जारी



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**
- शहर में बढ़ रहे हैं डॉग बाइट के मामले

शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती हुई संख्या को नियंत्रित करने के लिए निगम प्रशासन ने कमर कस ली है। सडक़ पर चलने वाले राहगीरों के लिए खतरा बन चुके इन आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और डॉग बाइट की घटनाओं को रोकने के लिए निगम प्रशासन नसबंदी अभियान शुरू करने जा रहा है। कुत्तों की नसबंदी के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है, जिसे 3 अप्रैल को खोला जाएगा।

शहर में आवारा कुत्तों की समस्या गंभीर रूप लेती जा रही है। राहगीरों में कुत्तों का डर बना रहता है और प्रतिदिन लगभग औसतन 10 डॉग बाइट के मामले सामने आते हैं। इसे देखते हुए निगम प्रशासन ने नसबंदी अभियान शुरू करने का फैसला किया है, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है। निगम प्रशासन आवारा कुत्तों की नसबंदी के लिए जल्द ही कार्ययोजना ⏭ शेष पेज 2 पर

# कोयला कारोबारी की हत्या के मामले में दो आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**
- होली पर्व के दौरान युवक की हुई थी मौत, मामूली बात पर हुआ था विवाद

होली खेलने निकले एक कोयला कारोबारी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने पीएम रिपोर्ट के आधार पर हत्या का अपराध दर्ज कर दो आरोपी को सलाखों के पीछे भेज दिया है जबकि मामले में अन्य आरोपियों की सरगर्मी से खोजबीन की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत हाऊसिंग बोर्ड कालोनी खरमोरा निवासी अनिल यादव 50 वर्ष निवास करता था। जो कोयला का कारोबार करता था। बताया जा रहा है कि 14 मार्च सुबह अनिल होली खेलने के नाम पर घर से निकला। वह होली खेलने रजगामार पहुंचा। अनिल कुछ दोस्तों से मिलने के बाद प्रेमनगर चला गया। दोपहर लगभग 3 बजे बस्तीवासियों ने अनिल को सडक़ के बीचोबीच बेहोशी की हालत में पड़ा देखा। उसकी बाइक सडक़ पर खड़ी थी जबकि गमछा कुछ दूर पड़ा था। उस पर नजर पड़ते ही लोग एकत्रित हो गए। उन्होंने अनिल को होश में लाने का प्रयास किया लेकिन शरीर में किसी तरह की हरकत नही हुई। इस बात की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस चौकी प्रभारी लक्ष्मण खूंटे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बस्तीवासियों की मदद से अनिल को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले आया, जहां डॉक्टरों ने उसे परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया था। इस मामले में पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज किया है और हत्या के मामले में लिप्त प्रेमनगर रजगामार निवासी अर्पित अग्रवाल 26 वर्ष पिता अजय अग्रवाल व साहिल दास पिता चंद्रिका दास को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी लक्ष्मण खूंटे ने बताया कि होली के दिन मामूली बात को लेकर अर्पित अग्रवाल व मृतक अनिल यादव के बीच विवाद हुआ था और अर्पित अग्रवाल ने अपने साथियों के साथ मिलकर अनिल की पिटाई कर दी थी जिससे उसकी मौत हो गई थी।




पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# अतिक्रमण को लेकर मचा हंगामा प्रशासन ने संभाला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**
- बालकोनगर के सेक्टर 5 का मामला

नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत बालको डेली मार्केट सेक्टर 5 में अतिक्रमण का मामला गरमाया हुआ है। स्कूल के पास खाली जमीन पर बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंचीं और वहां बांस-बल्ली गाड़कर कब्जा करने लगीं। सूचना मिलते ही बालको प्रशासन हरकत में आया और मौके पर भारी संख्या में सुरक्षाकर्मी एवं अधिकारी पहुंच गए। जब प्रशासन ने लोगों को कब्जा करने से रोका, तो विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते माहौल तनावपूर्ण हो गया, जिसके बाद पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा।

सूत्रों की मानें तो अतिक्रमण करने पहुंचे लोग आपस में ही जमीन के हिस्से को लेकर झगड़ने लगे। विवाद इस बात पर होने लगा कि कौन कितनी जमीन घेर सकता है। मौके पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों और अधिकारियों ⏭ शेष पेज 2 पर



मौके पर जमा भीड़ व प्रशासनिक अमला।



## खबर संक्षेप



### सेजस मदनपुर में छात्राओं का रहा दबदबा ऋचा ने हासिल किए 72.6 प्रतिशत अंक

**कटघोरा।** स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय मदनपुर रजकम्मा हाईस्कूल के कक्षा नवमी का परीक्षाफल शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष कृष्णा अहीर के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य राजीव जोगी की अध्यक्षता में घोषित किया गया। कृष्णा यदु अध्यक्ष, प्राचार्य एवं परीक्षा प्रभारी विनोद जायसवाल ने उत्तीर्ण छात्रों को सफलता पर बधाई एवं अनुत्तीर्ण छात्रों को पुनः कठिन परिश्रम के लिए प्रेरित किया। विद्यालय में कुल दर्ज 86 में से 77 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। उसमें 38 विद्यार्थी उत्तीर्ण, 12 पूरक एवं 27 अनुत्तीर्ण हुए। प्रथम श्रेणी में 8, द्वितीय श्रेणी में 18 और तृतीय श्रेणी में 12 विद्यार्थी सफल हुए। कु.ऋचा प्रथम, कु. मोनिका द्वितीय, कु. तनीषा को तृतीय स्थान मिला। इस अवसर पर पुष्पक साहू, कुमुदिनी राम,कमलेश्वरी साहू,सितारा अग्रवाल,भोला अहीर सहित छात्र-छात्राएं और उनके पालक उपस्थित थे।

### विजय मंझवार बने सरपंच संघ के अध्यक्ष

**कोरबा।** जनपद कोरबा में नव निर्वाचित सरपंचों की बैठक 23 मार्च को आदिवासी शक्ति पीठ भवन में आयोजित की गई थी। बैठक में सर्वसम्मति से सरपंच संघ का गठन किया गया और विभिन्न पदाधिकारियों का चयन किया गया। विजय कुमार मंझवार अध्यक्ष, अचला कंवर को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दशरथ सिंह को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा, भूकेश्वर सिंह पैकरा को सचिव और बुधवारो राठियाको सह-सचिव चुना गया। मालिक राम राठिया को सरपंच संघ का संरक्षक नियुक्त किया गया है। उनके मार्गदर्शन में जनपद के सरपंच ग्रामीण विकास और पंचायतों के सुचारू संचालन के लिए कार्य करेंगे। इस अवसर पर सभी नव निर्वाचित सरपंचों ने ग्राम पंचायतों के विकास को प्राथमिकता देने और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने का संकल्प लिया। बैठक में जनपद के विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पंचायत स्तर पर योजनाओं को सक्रिय रूप से लागू किया जाएगा और ग्रामीण विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा।

### पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का किया गया गठन

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने गर्मी के मौसम में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने एवं हैंडपंप के संचालन, संधारण हेतु जिला स्तर पर पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन कर अधिकारी-कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। यह पेयजल प्रकोष्ठ 30 जून तक की अवधि तक प्रभावशील रहेगा। जिसके अंतर्गत नियंत्रण प्रकोष्ठ प्रभारी के रूप में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कोरबा के सहायक अभियंता पीपीएस पैंकरा मोबाइल नंबर 8827511795 को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार मानचित्रकार पीएचई पीएल गढ़ेवाल मोबाईल नंबर 6265881469 जारी किया गया है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### श्रीमति गिन्नौरी देवी



**कोरबा।** पंडित रविशंकर शुक्ल नगर निवासी शेयर मार्केट के निवेश सलाहकार सुरेन्द्र शर्मा की माताजी श्रीमति गिन्नौरी देवी 87 वर्ष का बुधवार की शाम निधन हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्र, एक पुत्री व नाती पोतों का भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार की सुबह पोड़ीबहार मुक्तिधाम में किया। अंतिम यात्रा में परिजन, रिश्तेदार समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### बस्तीवासियों से मुलाकात कर जानी समस्याएं

# महापौर व आयुक्त ने वार्डों का किया दौरा, दूर होंगी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने गुरूवार को निगम के वार्ड क्र. 38 की विभिन्न बस्तियों, मोहल्लों का दौरा कर नागरिकों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। पानी, बिजली व साफ-सफाई से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के निराकरण के संबंध में त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही निर्माणाधीन सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने तथा खंड्हर हो चुके सार्वजनिक मंच शेड का जीर्णोद्धार किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**खास बात**

- पानी, बिजली, साफ-सफाई से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश



वार्डों का निरीक्षण करती महापौर एवं अन्य।

उन्होंने वार्ड की डबरीपारा बस्ती, चेकपोस्ट, फायर कालोनी, लालघाट, ओएस कालोनी, बेलगिरी बस्ती सहित अन्य बस्तियों मोहल्लों में पहुंचकर वहां के रहवासियों से भेंट मुलाकात की एवं उनकी समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान पेयजल आपूर्ति, सड़क रोशनी व साफ-सफाई कार्य से जुड़ी समस्याओं को बस्तीवासियों ने उनके समक्ष रखा। बतायी गई समस्याओं के समुचित निराकरण के लिए त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। भ्रमण के दौरान डबरीपारा बस्ती सहित अन्य कुछ मोहल्लों में पानी का प्रेशर कम होने की जानकारी वहां के रहवासियों ने महापौर व आयुक्त को दी, जिस पर उन्होने पानी का प्रेशर बढ़ाए जाने के लिए आवश्यकतानुसार वाटर टैंकों की स्थापना हेतु तत्काल का सर्वे का कार्य कर आगे की कार्यवाही त्वरित रूप से किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए ताकि उक्त समस्या का निराकरण करते हुए वहाँ के नागरिकों को पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

**मछली बाजार में साफ सफाई व बाउण्ड्रीवाल**

नगर निगम द्वारा सड़कों, सार्वजनिक स्थानों पर अनियंत्रित रूप से लगने वाली मछली विक्रय की दुकानों को कुछ समय पूर्व व्यवस्थित रूप से लालघाट में शिफ्ट कराया गया था, भ्रमण के दौरान महापौर एवं आयुक्त ने मछली मार्केट का निरीक्षण किया तथा नियमित रूप से साफ-सफाई कराए जाने तथा मार्केट को व्यवस्थित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। व्यवसायियों एवं रहवासियों को द्वारा मछली मार्केट में बाउण्ड्रीवाल निर्माण एवं उसी के समीप खेल मैदान के निर्माण व विकास की मांग रखी गई, जिस पर उन्होंने आवश्यक कार्यवाही के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

# पंचायत सचिवों की हड़ताल से कामकाज हुआ ठप



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में पंचायत सचिवों की हड़ताल से ग्रामीण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के 114 सरपंचों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर सचिव का कार्यभार अपने हाथों में लेने की मांग की है। सचिवों के हड़ताल पर जाने से ग्राम पंचायतों का रोज का कामकाज रुक गया है। सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं बढ़ रही हैं।

**खास बात**

- कोरबा में 114 सरपंचों ने मांगा सचिव का कार्यभार, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

ग्रामीण अपनी समस्याएं सरपंचों के सामने रख रहे हैं, लेकिन सचिवों की अनुपस्थिति में समाधान नहीं हो पा रहा है। हड़ताल पर जाने से पहले सौंपना था कार्यभार सरपंच सहतर सिंह ने कहा कि सचिवों को हड़ताल पर जाने से पहले कार्यभार सौंपना चाहिए था। प्रताप सिंह मरावी ने बताया कि 3 तारीख को शपथ ग्रहण हुआ और 17 तारीख से सचिव हड़ताल पर चले गए। पहले के कार्यकाल में सचिव नहीं होने पर रोजगार सहायकों को जिम्मेदारी दी जाती थी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह मामला शासन स्तर का है। जिला स्तर के अधिकारी इस मामले में कोई निर्णय नहीं ले सकते। सरपंचों का कहना है कि सरकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने में कठिनाई हो रही है। प्रक्रियाओं की जानकारी सचिवों के पास होने से उनकी अनुपस्थिति में काम करना लगभग असंभव हो गया है।

# प्रधानमंत्री आवास के निर्माण कार्य में लाएं तेजीः नाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग ने गुरुवार को जिले के दूरस्थ ग्राम पंचायतों चुईया, गढ़उपरोड़ा और देवपहरी का दौरा कर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवास निर्माण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और इसे निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए। श्री नाग ने मैदानी अमले को सतत फील्ड विजिट करने और निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही, जनपद पंचायत सीईओ को आवास निर्माण की नियमित समीक्षा एवं मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान सीईओ श्री नाग ने ग्राम चुईया में विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर समुदाय के हितग्राही गोसोराम, प्रमिला और तीजबाई के निर्माणाधीन आवासों का जायजा लिया। उन्होंने हितग्राहियों से बातचीत करके आवास जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सरपंच, जनपद पंचायत सीईओ कोरबा, जिला समन्वयक (प्रधानमंत्री आवास योजना), कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा), ब्लॉक समन्वयक, तकनीकी सहायक, नोडल अधिकारी (आवास), रोजगार सहायक और आवास मित्र सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**खास बात**

- सीईओ ने विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के हितग्राहियों को किया प्रेरित



# लोकमाता के कृतित्व को जनमानस तक पहुंचाने के लिए अग्रसेन कन्या महाविद्यालय सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडीटोरियम रायपुर में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जयंती वर्ष अंतर्गत व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति सचिदानंद शुक्ल, प्रान्त संघचालक टोपलाल वर्मा विशेष रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के कृतित्व को जनमानस तक पहुँचाने के लिए श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय कोरबा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य मनोज झा ने बताया कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जयंती वर्ष अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न महाविद्यालयों को कार्यक्रम करने का निर्देश दिया गया था। इसी तारतम्य में श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय द्वारा लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर पर व्याख्यान, निबंध एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किये गये थे। श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन संघर्ष पर आधारित राष्ट्रीय संगोष्ठी, मॉडल, पोस्टर एवं पेंटिग के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का काम विस्तृत रूप में किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर ने लोकमाता अहिल्यादेवी के जीवन चरित्र को आत्मसात करने का आव्हान करते हुए विस्तृत रूप से उनकी जीवनगाथा का वर्णन किया था। कार्यक्रम में 1157 शिक्षण संस्थानों ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये थे, जिनमें उत्कृष्ट कार्य हेतु कोरबा जिले से श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की ओर से प्राचार्य डॉक्टर मनोज कुमार झा एवं डॉ. अन्नू सिंह, रूचिका कल्ला, डॉ. प्रशांत सिंह, श्रीमती रौनिता दास एवं चंचल विश्वकर्मा द्वारा पुरस्कार ग्रहण किया गया। श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय की सफलता पर अग्रवाल सभा अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल एवं महाविद्यालय शिक्षण समिति के अध्यक्ष सुनील जैन ने महाविद्यालय के प्राचार्य एवं उनकी पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।




सम्मान प्राप्त करते हुए।

# स्थापना दिवस और डॉ.अम्बेडकर जयंती पर भाजपा 6 से 14 तक आयोजित करेगी विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भाजपा 6 अप्रैल को अपना स्थापना दिवस और भारतरत्न डॉ.भीमराव अम्बेडकर जयंती 14 अप्रैल के उपलक्ष्य में 6 से 14 अप्रैल तक प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी। जिसके तहत प्रत्येक बूथ, कार्यालय, घरों एवं कार्यकर्ताओं के निवास पर भाजपा का ध्वज फहराया जाएगा।

बैठक में विधायक सुशांत शुक्ला ने जानकारी दी कि 8 और 9 अप्रैल को मंडल और विधानसभा स्तर पर सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित होगा, जबकि 10 और 11 अप्रैल को बूथों, ग्रामों और बस्तियों में घर-घर संपर्क अभियान चलेगा। इस दौरान केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। 13 अप्रैल को डॉ.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान चलेगा और 14 अप्रैल को जिला व मंडल मुख्यालयों में उनके जीवन और योगदान पर संगोष्ठी आयोजित होगी। जिले में भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला और मंत्री लखन लाल देवांगन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा, ननकी राम कंवर, नगर पालिका निगम महापौर संजू देवी राजपूत, संतोष देवांगन, जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह, जोगेश लांबा, पवन गर्ग, पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव सिंह, अशोक चावलानी, टिकेश्वर राठिया समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में भाजपा के आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विचार-विमर्श हुआ। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि स्थापना दिवस एवं डॉ. अम्बेडकर जयंती के अवसर पर अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान प्रदेश में भाजपा सरकार के कार्यों की सराहना करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भ्रष्टाचार और नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक पहल हुई है।




### लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

**कोरबा।** ग्रीष्म कालीन मौसम प्रारंभ होने पर तथा अधिक गर्मी पड़ने से शुष्क वातावरण में लू की संभावना अधिक होती है। जो घातक या जानलेवा हो सकती है। जिले में बढ़ रही गर्मी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू से बचाव हेतु आवश्यक उपाय अपनाने के लिए एडवाइजरी जारी की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केशरी ने बताया कि जिले में लगातार मौसम परिवर्तन के बाद तेज धूप एवं गर्मी प्रारंभ हो गया है। जिसके कारण लू लगने की संभावना बढ़ गई है। सूर्य की तेज गर्मी के दुष्प्रभाव से शरीर के तापमान में विपरीत प्रभाव पड़ता है जिससे शरीर में पानी और खनिज लवण नमक की कमी हो जाती है।

### नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि का किया गया सम्मान

**मड़वारानी।** जनपद पंचायत करतला उपाध्यक्ष मनोज झा द्वारा नारायण निवास बरपाली में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.पवन सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा, जनपद पंचायत करतला की अध्यक्ष श्रीमती अशोक बाई, समस्त जनपद सदस्यों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथियों द्वारा मां मडवारानी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन अर्चन किया। इसके पश्चात जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष एवं समस्त जनपद सदस्य कार्यकर्ताओं द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.पवन सिंह, मनोज शर्मा का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया।



## पृष्ठ 1 का शेष

### उपनगरीय क्षेत्र में...

यदि इस वित्तीय वर्ष में शासन तीनों प्रीमियम शॉप खोलने पर सहमति देती है तो आने वाले कुछ महीनों के भीतर दीपका, बालको दर्री में तीन नई प्रीमियम शराब दुकान खुल जाएगी।

### आवारा कुत्तों की...

शुरू करने जा रहा है। गर्मी के दिनों में डॉग बाइट के मामले काफी बढ़ जाते हैं, इसलिए आम जनता की मांग पर आवारा कुत्तों की नसबंदी करने का निर्णय लिया गया है। आवारा कुत्तों की नसबंदी के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है, जिसे 3 अप्रैल को खोला जाएगा. जिस कंपनी को टेंडर मिलेगा, वह शहर के आवारा कुत्तों की नसबंदी करेगी। उल्लेखनीय है कि कुछ साल पहले निगम ने आवारा कुत्तों की नसबंदी को लेकर बेहतर काम किया था, लेकिन बाद में यह योजना ठंडे बस्ते में चली गई। अब एक बार फिर से कुत्तों की नसबंदी करने का निर्णय लिया गया है, ताकि आम जनता को इस समस्या से राहत मिल सके।समय के साथ कोरबा शहर में आवारा कुत्तों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। हर जगह आवारा कुत्ते दिखाई दे रहे हैं, जिससे डॉग बाइट के मामले भी बढ़ रहे हैं. नसबंदी योजना से निश्चित रूप से इनकी संख्या में कमी आएगी और डॉग बाइट के मामलों में भी गिरावट आएगी। निगम प्रशासन का यह कदम शहरवासियों के लिए एक बड़ी राहत लेकर आएगा। उम्मीद है कि इस अभियान के सफल होने से शहर में आवारा कुत्तों की समस्या पर प्रभावी ढंग से नियंत्रण पाया जा सकेगा।

### अतिक्रमण को लेकर...

ने स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया।अधिकारियों का कहना है कि यह जमीन सरकारी संपत्ति है और इस पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं अतिक्रमण करने वाले लोगों का तर्क है कि वे बेघर हैं और रहने के लिए उन्हें यह जमीन चाहिए। पुलिस प्रशासन ने स्थिति को देखते हुए 112 टीम को बुलाया और मौके पर शांति व्यवस्था कायम की। फिलहाल प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई के लिए जांच जारी है। अब जिला प्रशासन को अवैध कब्जे पर सख्त कार्यवाही करने की जरूरत है कब्जाधारी अपनी गैंग बनाकर खाली पड़ी।

### ग्रामीण क्षेत्र में जल जीवन मिशन योजना के सफल क्रियान्वयन से बदल रही तस्वीर

# टेपनल के माध्यम से घर-घर में पहुंच रहा साफ व शुद्ध पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन योजना के सफल क्रियान्वयन से अनेक गांव की तस्वीर बदली है। पहले ग्रामीणों को पानी लाने के लिए लम्बी दूरी तय कर हैंडपंप, कुएँ या अन्य जल स्त्रोत तक जाना पड़ता था, इस योजना से अब उन्हें अपने नल के माध्यम से घर में ही स्वच्छ और निर्मल पानी मिल रहा है। योजना के तहत कोरबा जिले के लखनपुर गांव जैसे दूरदराज इलाकों में घर-घर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। इस पहल से गाँव में पानी आपूर्ति की समस्या का समाधान के साथ ही वृद्धावस्था में जीवन निर्वाह कर रहे लोगों को राहत भी मिली है।



पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड के ग्राम लखनपुर की रहने वाली महेतरीन बाई के जीवन में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से बड़ा बदलाव आया है। हितग्राही को घर में ही दैनिक कार्यो एवं घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए निर्बाध पेयजल मिल रहा है। जिससे वृद्धा महेतरीन बाई को आराम मिला है। महेतरीन बाई, जो अब उम्र के 75वें साल में हैं, पहले हर दिन पानी लाने के लिए घर से दूर जाया करती थीं। यह उनका रोज का दिनचर्या था, जिसमें शारीरिक थकावट और समय की बर्बादी होती थी। हर घर जल योजना से अब उनके घर तक शाम सबेरे शुद्ध पानी पहुँचता है। इससे उनका जीवन आसान बनने के साथ ही स्वास्थ्य भी बेहतर हुआ है। महेतरीन बाई ने अपने जीवन मे हुए इस बदलाव के बारे में बताते हुए कहा की उसके परिवार में बेटी, दामाद और उनके छोटे बच्चे ही है, उम्रदराज होने के कारण उन्हें पानी लाने के लिए लम्बी दूरी तय करने में परेशानी होती थी, अब घर में ही दोनों समय साफ पानी आता है। जिससे पानी लाने की समस्या से मुक्ति मिली है। बुढ़ापे में यह बहुत राहत की बात है। उन्होंने कहा कि घरों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में भी कमी आई है। अब लोग साफ और सुरक्षित पानी का उपयोग करते हैं, जिससे डायरिया, टाइफॉइड, पीलिया जैसी जलजनित बीमारियां फैलने की घटनाएं भी कम हुई हैं। साथ ही लोगों में जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। लोग अब जल संरक्षण के महत्व को समझने लगे हैं और इसके संरक्षण के उपायों पर भी ध्यान दे रहे हैं। हितग्राही महेतरीन बाई सहित ग्रामीणों ने घर घर में शुद्ध पेयजल पहुंचाकर उनका जीवन सुखदायक बनाने के किये केंद्र व राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

03-April -KORBA- bhoomi-FULL-pg-3_Layout 1 4/3/2025 8:42 PM Page 1





## खबर संक्षेप



### प्रधान पाठक श्रीराम सिंह के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह

**मड़वारानी।** प्रधान पाठक श्रीराम सिंह पैकरा का शिक्षा विभाग में 62 वर्ष की सेवा पूरी होने पर संकुल स्तर पर विदाई का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संकुल नोडल प्राचार्य हेम कुमार कुर्रे एवं विशिष्ट अतिथि के रुप सेवा निवृत्त प्रधान पाठक अंजोर साय मन्नेवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उपेन्द्र कुमार राठौर एवं शांतिलाल कश्यप ने किया। संकुल समन्वयक बसंत कुमार मिरी एवं संकुल खरवानी के शिक्षक शिक्षिकाओं ने मिलकर श्रीराम सिंह पैकरा, प्रधान पाठक प्राथ, शाला ठाकुरदियापारा (खरवानी) को श्रीमद्भागवत गीता, पेन, साल, अंगवस्त्र, श्रीफल, मिठाई एवं स्मृति चिन्ह एवं स्वसहायता समूह खरवानी ने अंगवस्त्र ससम्मान भेंट किया। साथ ही सेवानिवृत्त प्रधान पाठक अंजोर साय मन्नेवार को संकुल खरवानी ने पेन एवं स्मृति चिन्ह सप्रेम भेंट किया।

### बालको व लेमरु रेंज के बार्डर में डेरा डाले हुए हैं हाथी

**कोरबा।** कोरबा वनमंडल के लेमरू वन परिक्षेत्र में दो अलग-अलग झुण्ड में विभक्त होकर विचरण कर रहा हाथियों का झुण्ड बीती रात फिर कोरई के कदमझरिया में एक साथ मिल गया और आगे बढक़र कोरई जंगल होते हुए बालको व लेमरू रेंज की सीमा में डेरा डाले हैं। हाथियों के झुण्ड को गुरुवार की सुबह ड्रोन कैमरे के जरिए देखा गया। हाथियों का लोकेशन सीमा पर मिलते ही लेमरू के साथ-साथ बालको रेंज के अधिकारी व कर्मचारी भी सतर्क हो गए हैं। हाथियों के इस झुण्ड में 13 हाथी शामिल हैं जिसमें एक शावक भी है। हाथियों का झुण्ड एतमानगर रेंज से पहुंचा है और बालको के जंगल व फुटका पहाड़ के रास्ते लेमरू पहुंच गया है। विगत दो दिनों से लेमरू के जंगल में लगातार विचरण कर रहा है। हाथियों ने अभी कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक हाथियों को जंगल में पर्याप्त पानी व चारा मिल जा रहा है तथा झुण्ड में नन्हा शावक भी है।

### कोटपा एक्ट के तहत की गई कार्रवाई सात दुकानों से वसूला गया जुर्माना

**कोरबा।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केसरी के निर्देशानुसार तथा नोडल अधिकारी डॉ. कुमार पुष्पेंश एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक पदमाकार शिंदे के मार्गदर्शन में एवं परिवर्तन दल के द्वारा डॉ.रंजना तिर्की खंड चिकित्सा अधिकारी कटघोरा एवं औषधि निरीक्षक वीरेंद्र कुमार भगत, ऋषि साहू, एनटीपीसी जिला सलाहकार डॉ. मानसी जायसवाल के द्वारा कटघोरा थाना प्रभारी धरम तिवारी और नगर पालिका विभाग के सहयोग से बस स्टैंड और शैक्षणिक संस्थान 100 गज के दायरे में आने वाले दुकानों में और कटघोरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें कोटपा एक्ट 2003 की धारा 6 के अंतर्गत 7 चालान काटा गया और धारा 4 के अंतर्गत 11 चालान काटा गया, जिसकी राशि 5 हजार 100 रूपये की चालानी की गई और 3 दुकानों में समझाइए दिया गया और सभी दुकानों में धारा 6(अ) का पोस्टर चस्पा किया गया।

### एसबीआई चॉइस सेंटर में चोरी, सीसीटीवी में कैद

**कोरबा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित जेल के पास स्थित चॉइस सेंटर में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। एसबीआई लोक सेवा केंद्र के संचालक विकास सिंह राणा ने बताया कि उन्होंने रोज की तरह बुधवार की रात 9 बजे सेंटर बंद किया और घर चला गया लेकिन जब वह गुरुवार की सुबह सेंटर पहुंचा तो देखा कि दुकान के शटर का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाने पर सारा सामान बिखरा पड़ा था और लॉकर का ताला टूटा मिला, जिसमें से लगभग 15 हजार रुपये की नकदी की अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली है। चोरों की पूरी करतूत सेंटर के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पहले चोर ने सेंटर के बाहर लगे दोनों कैमरों के साथ छेड़छाड़ की और उन्हें दूसरी दिशा में घुमा दिया। लेकिन अंदर लगे कैमरे में नकाबपोश चोर की हरकतें साफ रिकॉर्ड हो गईं। सेंटर संचालक के अनुसार यह तीसरी बार है जब उनके सेंटर में चोरी हुई है। इससे पहले हुई दो घटनाओं में चोर पकड़े जा चुके हैं।

### विकास कार्यों का किया गया भूमिपूजन

**कोरबा।** नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा अन्तर्गत कई वार्डों में अनेकों विकास कार्यों का भूमिपूजन नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा अध्यक्षा श्रीमती सोनी कुमारी झा सहित वार्ड के पार्षदगण व जनप्रतिनिधि के मौजूदगी में किया गया। वार्ड क्रमांक 7 जंगल साईड पटेल मोहल्ला में तूफानी घर से गोपालदास घर तक सीसी रोड़ एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। वार्ड क्रमांक 16 तिहारु चौहान घर से मुक्तिधाम तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 17 दयानंद चौधरी घर से पप्पू पोद्दार घर तक सीसी रोड़ एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 17 जय स्तंभ से ओम कुर्रे घर तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य, वार्ड 15 राजा ठेला घर से राजेन्द्र यादव व गायत्री साहु घर होते हुए राठौर जनरल स्टोर तक किया गया। सीसी रोड़ निर्माण कार्य एवं वार्ड क्रमांक 15 मंगलू घर से साईं मंदिर तक सीसी रोड़ व आरसीसी नाली निर्माण कार्यों भूमिपूजन किया गया। इस दौरान पालिका के उपाध्यक्ष श्रीमती गायत्री कंवर, प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजयुमो विकास झा सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक आरोपी गिरफ्तार, फरार आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

# देवलापाठ के जंगल में अवैध शराब की चल रही थी फैक्ट्री, 860 लीटर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जंगल में नाले के किनारे सिंडीकेट ग्रुप बनाकर अवैध शराब का फैक्ट्री संचालित किया जा रहा था। एसपी के निर्देश पर उरगा पुलिस की टीम ने अवैध शराब के इस फैक्ट्री पर छापामार कार्यवाही की जहां

**खास बात**

- सिंडिकेट गिरोह बनाकर गोरखधंधे को दे रहे थे अंजाम

मौके से पुलिस ने 850 लीटर महुआ शराब जप्त कर सिंडिकेट गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है और मौके से बड़े पैमाने पर अवैध शराब बनाने का सामान जप्त किया है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा जिले में अवैध कारोबारियों की धरपकड़ करने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी के नेतृत्व में उरगा पुलिस टीम के द्वारा लगातार कृठोर कार्यवाही की जा रही है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मैनपारा देवलापाठ निवासी राजु धनुहार, मोटु उर्फ गजेन्द्र धनुहार, शिव धनुहार, सरोज धनुहार, मंत्री धनुहार एक



जब्त महुआ शराब व आरोपी।

साथ मिलकर संयुक्त रूप से संगठित होकर काफी दिनों से लगातार मैनपारा देवलापाठ के नाला किनारे जंगल में अवैध रूप से हाथ भट्टी निर्मित कच्ची महुआ शराब बेचने हेतु बहुत ज्यादा मात्रा में शराब बना रहे है एवं बना हुआ महुआ शराब को एकत्र कर रखे हुए है। इस सूचना पर थाना प्रभारी राजेश तिवारी दल बल सहित मैनपारा देवलापाठ रवाना हुए। मौके पर पहुंचकर घेराबंदी किया गया। जो मौके पर शराब बनाने वाले कुछ व्यक्ति पुलिस को आते देखकर जंगल तरफ भाग गए। मौके पर एक व्यक्ति मिला जिसका नाम पता पुछने पर उसने अपना नाम मैनपारा देवलापाठ निवासी राजु धनुहार उम्र 40 वर्ष पिता स्व वैशाखु धनवार बताया। मौके पर ही उक्त व्यक्ति का गवाहो के समक्ष मेमोरेण्डम कथन धारा 23 (2) के तहत लेखबद्ध किया गया जो अपने कथन में ग्राम मैनपारा देवलापाठ के रहने वाले मोटु उर्फ गजेन्द्र धनुहार, शिव, सरोज धनुहार, मंत्री धनुहार के साथ मिलकर कई दिनों से हाथ भट्टी निर्मित कच्ची महुआ शराब बनाते व बेचते है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 6 नग सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी के अंदर पोलिथिन की थैली में प्रत्येक में भरा 50ली कुल 300 ली., 4 नग सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी के अंदर पोलिथिन की थैली में प्रत्येक में भरा 40 ली कुल 160 ली., 3 नग सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी के अंदर पोलिथिन की थैली में प्रत्येक में भरा 30 ली. कुल 90 ली., 2 नग सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी के अंदर पोलिथिन की थैली में प्रत्येक में भरा 20ली. कुल 40 ली..01 नग 30 ली. क्षमता वाले प्लास्टिक जरिकेन में भरा 30 ली, 03 नग सफेद रंग के 20 ली. क्षमता वाली प्लास्टिक डालडा डिब्बा में भरा 60 ली., 04 नग 20 ली. क्षमता वाले मटमेला रंग के प्लास्टिक जरिकेन में भरा 80 ली., 6 नग 10ली. क्षमता वाले मटमेला रंग के प्लास्टिक जरिकेन में भरा 60 ली. कुल जुमला करीबन 860 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमति करीबन 86000रू, 18 नग बड़ा सिल्वर गंज, 14 नग फुटहा सिल्वर छोटा गंज, 04 नग फुटहा स्टील का डेक्ची, 12 नग बड़ा कढाही, 05 नग मो०सा० डिलक्स कमांक सीजी 12 बीजी 5352, होण्डा 110 कमांक सीजी 12 एएल 6152, होन्डा साईन 125 सीसी कमांक सीजी 12 बीएम 7009, होन्डा साईन सीजी 12 एएस 2734, सुजुकी कमांक सीजी 11 5153 को जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2), 59क, आबकारी अधिनियम, 111 (2), (ख), 3(5) बीएनएस के अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है और प्रकरण के फरार आरोपी मोटू उर्फ गजेंद्र धनवार, शिव धनवार, सरोज धनवार, मंत्री उर्फ सुकलाल धनवार की खोजबीन की जा रही है।

# कारण बताओ नोटिस का जवाब नहीं देने पर पटवारी की रोकी दो वेतन वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भूमि खसरा रकबा में हेर फेर कर एक पटवारी द्वारा पक्षकार को विशेष लाभ पहुंचाने एवं उक्त कृत्य के लिए कारण बताओ नोटिस जारी होने के उपरांत भी संतोषजनक जवाब ना देने के कारण पटवारी के दो वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही की गई है।

पटवारी गोविंद राम कंवर के विरुद्ध ग्राम मुदुनारा प.ह.नं. 6 रा.नि.मं. भैसमा स्थित भूमि ख.नं. 255 रकबा 2.400 हे. मिसल बंदोबस्त में किसी के नाम में दर्ज नहीं है। अधिकार अभिलेख वर्ष 1954-55 के खाता कमांक 8 भूमि स्वामी गंजहा धरजिया रतउ धरजिया के नाम पर खं.नं. 255 रकबा 0.202 हे. दर्ज है। मसाहती खसरा पांचसाला 2004-05 के अनुसार ख.नं. 255 रकबा 0.21 हेक्टेयर है। दिलबोध के नाम पर जमाबंदी नंबर 105/3 के रुप में दर्ज है। वर्तमान खसरा पांचसाला वर्ष 2021-22 से 2025-26 अनुसार खं.नं. 255 रकबा 2. 400 हे. दर्ज है, जबकि अधिकार अभिलेख में रकबा 0.202 है. है। जिससे रकबा 2.198 हे. की वृद्धि हुआ है। विक्रेता रामसिंह पिता नान्ही साकिन कोटमेर तहसील करतला के नाम पर भूमि ख.नं. 255 रकबा 2.400 हे. कब और कैसे दर्ज हुआ है। इसकी जानकारी पटवारी द्वारा प्रदान नही की गई। विक्रेता रामसिंह पिता नान्हीराम के द्वारा केता गोंविदा अग्रवाल पिता ओमप्रकाश अग्रवाल निवासी खरोरा रायपुर तहसील व जिला रायपुर के पक्ष में खं. नं. 255 रकबा 2.400 हे. पंजीकृत बैनामा 23 मार्च 2023 के विक्रय पत्र निष्पादित किया गया हैं। जिसका नामांतरण रकबा में अंतर होने के कारण न्यायालय तहसीलदार भैंसमा के आदेश को खारिज किया गया है। पटवारी द्वारा विक्रय हेतु चौहद्दी जारी किया गया है। तहसीलदार भैंसमा के जांच प्रतिवेदन व संलग्न दस्तावेजों के अनुसार ग्राम मुदुनारा स्थित भूमि खनं. 255 रकबा में कांट छांट कर/वृद्धि कर चौहद्दी जारी किया गया है। जिस हेतु पटवारी गोंविद राम कंवर (पटवारी) प.ह.नं-11 उतरदा, रा.नि.मं. हरदीबाजार तहसील-हरदीबाजार, (तत्कालीन पटवारी प.ह.नं-6 मुढुनारा रा.नि.मं. भैसमा) को कारण बताओ सूचना जारी किया गया था। जिस पर पटवारी द्वारा संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नही किया गया। फलस्वरुप पटवारी की आगामी दो वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से अवरुद्ध कर लघु शास्ति से दंडित किया गया है एवं हल्का पटवारी गोविंद राम कंवर को तहसील कार्यालय हरदीबाजार में संलग्न किया गया है।

# नदी में करंट बिछाकर मछली मारने गया युवक आया चपेट में, मौत



मृत युवक का शव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डिंडोलभांठा लीलागर नदी पुल के पास गोविंद राठौर का गाड़ी गैरेज बना हुआ है जहां देखरेख के लिए चौकीदारी का काम बुडगहन मुड़ाभाटा निवासी राजपूरी गोस्वामी उम्र 27 वर्ष पिता बुंदेल पूरी गोस्वामी नामक युवक करता था। जहां चौकीदार अपने दो साल के बच्चा एवं पत्नी प्रतिभा के साथ रहता था। वही नजदीक से ही लीलगर नदी गुजरा हुआ है। जहां वह मछली मारने के लिए अक्सर बिजली करंट का उपयोग कर मछली मारता था। बुधवार की शाम लगभग 4 बजे अपनी पत्नी से मछली पकड़ने नदी जा रहा हूं बोलकर चला गया। काफी समय होने पर जब उसकी पत्नी प्रतिभा नदी के पास गई तो उसे उसका पति दिखाई नहीं दिया। तब प्रतिभा ने अपने मालिक गोविंद राठौर को मोबाइल से इसकी जानकारी दी। सुबह डिंडोलभांठा के ग्रामीण दिशा मैदान करने गए थे तो उन्हें नदी में तैरते किसी व्यक्ति की लाश दिखी तो उसने गोविंद राठौर को मोबाइल लगाकर घटना की जानकारी दी। जिस पर गोविंद राठौर सुबह 6 बजे अपने गैरेज के पीछे कुछ दूर में नदी किनारे विधुत खंभे से तार खींचा हुआ और वह तार उसके पैर में फंसा हुआ और खुली तार को हाथ में पकड़ा हुआ पानी में तैरते दिखा हुए देखा। गोविंद को घटना देख समझते देर नहीं लगी उसने तुरंत पहले खंभे से तार को अलग किया जिससे पानी और तार से विधुत प्रवाह बंद हो जाये और अन्य कोई उसकी चपेट न आ जाए। उसके बाद हरदीबाजार थाना में सूचना दी, घटनास्थल पर हरदीबाजार पुलिस टीम पहुंच कर शव का पंचनामा कर वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# अनियंत्रित होकर ट्रेलर पलटा साइकिल सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत बायपास रोड गरुड़ नगर में गुरुवार की शाम लगभग 6 बजे एक तेज रफ्तार ट्रेलर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई और सड़क के किनारे जा रहे साइकिल सवार युवक ट्रेलर के नीचे दब गया। जिससे साइकिल सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद पटेल दलबल सहित मौके पर पहुंचे और ट्रेलर के नीचे दबे युवक को घंटों मशक्कत के बाद किसी तरह बाहर निकाला गया। मृतक कौन है अभी उसकी शिनाख्ती नहीं हो पाई है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शिनाख्ती के प्रयास में जुटी हुई है। वही दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रेलर चालक के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। इसी तरह एक अन्य घटना में कटघोरा से बिलासपुर जाने वाले नेशनल हाईवे मार्ग पर पाली क्षेत्र में एक सड़क हादसे में सप्लाई में लगी टैंकर की ठोकर से एक मालवाहक वाहन पलट कर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और इसमें सवार चार लोग घायल हो गए हैं। घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है।

# पाइप लाइन क्षतिग्रस्त, राखड़ युक्त पानी से हसदेव नदी हुई दूषित



क्षतिग्रस्त पाइप लाइन से बहरा राखड़युक्त पानी।



नदी में पहुंचता गंदा पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा पश्चिम संयंत्र के झाबू स्थित राखड़ बांध के समीप राखड़ पाईप

**खास बातें**

- ग्राम झाबू स्थित रिटर्न कैनाल से होकर गुजरती है पाईप लाइन
- रिटर्न कैनाल व हसदेव नदी हो रहा दूषित

लाईन दो जगह से क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे पाईप से राखड़ युक्त पानी फव्वारा निकलने लगा और तेज बहाव के साथ उत्पादन कंपनी के रिटर्न कैनाल में मिलकर हसदेव नदी में समाहित होने लगा। संयंत्र प्रबंधन की अनदेखी की जवह से जीवनदायिनी हसदेव नदी का जल दूषित हो रहा है। इस रिटर्न कैनाल के पानी को डांडपारा के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में उपचारित कर जल को छुरी के लोगों को आपूर्ति की जाती है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ उत्पादन कंपनी के 1340 मेगावाट क्षमता वाले कोरबा पश्चिम संयंत्र से उत्सर्जित राख के विस्थापन के लिए झाबू में राखड़ बांध का निर्माण किया गया है। संयंत्र से पाईप लाईन के जरिए राखड़ बांध तक राखड़ भेजा जाता है। यह पाईप लाईन रिटर्न कैनाल से होकर गुजरी है। गुरूवार की सुबह राखड़ के लिए बिछाए गए पाईप लाईन दो जगह से क्षतिग्रस्त हो गया। जिसकी वजह से राखड़ पानी का फव्वारा निकलने लगा। राखड़ युक्त पानी बड़ी मात्रा में रिटर्न कैनाल में मिलकर हसदेव नदी में समाहित होने लगा। राखड़ युक्त पानी की वजह से आसपास का इलाका प्रदूषित हो गया। वहीं खेतों में भी राखड़युक्त पानी समाहित हो गया। देखरेख के अभाव मे इस लाइन मे आये दिन पाइप टूटने की घटना घटती रहती है, जिससे राख भारी मात्रा मे नदी मे समाकर स्वच्छ पानी जहरीला हो रहा है। पाइप टूटने से राख आसपास जमा हो जाता है जिसकी सफाई भी नही करायी जाती। सूखने के बाद यही राख हवा में उड़कर लोगों की सांसों मे समाकर उन्हे बीमार बनाता है।

**नहीं होती कार्रवाई**

पाईप लाईन टूटकर राख नदी में समाये या फिर राखड़ डैम से जान बूझकर बहाये जाने की घटना हो इस ओर पर्यावरण संरक्षण मंडल के जिम्मेदार अधिकारियों की नजर तक नही जाती जिसका खामियाजा जीवन दायिनी हसदेव नदी और इस पर आश्रितों को चुकानी पड़ती है। नदी में राखड़ छोड़े जाने की घटना के मामले में पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा गिने चुने छोटी कार्यवाई की जाती है, कड़ी कार्यवाई नही होने से छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उतपादन कंपनी व संयंत्र प्रबंधन के हौसले बुलंद रहते हैं।

### सूने मकान से लाखों की चोरी, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** सिविल लाइन रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ओसी-60 सीएसईबी कालोनी निवासी अशोक कुमार डहरिया उम्र 45 वर्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह मडवा संयंत्र में कार्य करता है। वह सपरिवार 2 अप्रैल की शाम शादी कार्यक्रम में शामिल होने बिलासपुर गया हुआ था। जहां से रात्रि 1:30 बजे घर वापस आने पर पाया कि सामने का दरवाजा अंदर से बंद है एवं ताला बाहर में टूटा हुआ लटका था। घर के पीछे का दरवाजा खुला था। आलमारी का ताला टूटा हुआ था और चोरों ने एक नग मंगलसुत्र, 1 तोला सोना, 2 नग पायल, 1 जोडी टाप्स, 3 ग्राम सोना, 2 नग फूली, 1 हाफ करधन, 1 जोडी हाथ पोछ सहित 5 हजार रुपए नगदी पार कर दिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## आधी रकम प्राप्त कर रही महिलाओं को सुधार की दरकार

# महतारी वंदन योजना से वंचित हितग्राहियों को तारीख का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते विधानसभा चुनाव से पहले राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक विवाहित महिलाओं को उनकी पात्रता अनुसार प्रतिमाह एक हजार रुपये आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए महतारी वंदन योजना प्रारंभ की गई थी। इस योजना से जिले में लगभग 1 लाख 60 हजार महिलाओं को लाभ मिल रहा है विवाहिताओं के अलावा विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा महिलाएं भी योजना से लाभान्वित हो रही हैं।



फाइल फोटो

उल्लेखनीय है कि यह एक निरंतर चलने वाली योजना बताई गई है, लेकिन छूटे हुए महिलाओं को विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद से ही नए आवेदन भरे जाने का इंतजार है। यह इंतजार लोकसभा चुनाव के समय और बढ़ गया, फिर नगरीय निकाय चुनाव भी संपन्न हो गए, त्रिस्तरीय पंचायत के चुनाव भी निपट गए तो आचार संहिता का हवाला भी अब खत्म हो गया है। ऐसे में छूटे हुए लोगों को इस बात का बेसब्री से इंतजार है कि नया फॉर्म कब भरा जाएगा। वह अपने वार्ड के पार्षद से लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं से बार-बार यह सवाल कर रहे हैं। उन्हें इस बात का मलाल है कि हर महीने हजार रुपए की सहायता राशि पाने से वह वंचित हो रहे हैं। कहीं ना कहीं गरीब परिवार को इस राशि का ज्यादा इंतजार है। दूसरी तरफ आज भी ऐसे अनेक महिलाएं हैं जो विवाहित हैं अथवा विधवा, परित्यक्ता या तलाकशुदा हैं, लेकिन उन्हें किसी तरह की पेंशन राशि शासन से प्राप्त नहीं हो रही है फिर भी तकनीकी त्रुटि के कारण उन्हें आधी रकम ही प्राप्त हो रही है। ऐसे हितग्राहियों में सुधार की गुंजाइश बनी हुई है कि कब नए फॉर्म भरने का कार्य शुरू होगा।

**तकनीकी खामियां बनी परेशानी का सबब**

यहां बताना होगा कि सुधार कार्य इस बीच कई बार हो चुके हैं, लेकिन कई हितग्राहियों का आधार अपडेशन नहीं होने, खाता के डीबीटी लिंक नहीं होने से भुगतान सम्बन्धी दिक्कतें आ रही हैं, कई लोगों ने राशि अप्राप्त होने की भी जानकारी दी, दौड़-भाग के बाद उम्मीद छोड़ दी। प्रारंभ में इस योजना के आवेदनों को जमा करने को लेकर कई तरह की तकनीकी दिक्कत पेश आई थी, उम्मीद है कि इस बार उन सभी कमियों को दूर करते हुए व्यवस्थित तौर पर आवेदन जमा लेने का कार्य कराया जाएगा। जनता को उम्मीद है कि सरकार इस ओर जल्द से जल्द ध्यान देकर महतारी वंदन योजना के नए आवेदन लेने का आदेश जारी करेगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour

23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025, 25 जुलाई से 05 अगस्त (सावन में) (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411